जोन–4 के तहत आयुक्त ने किया निरीक्षण, सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर के विकास और बेहतर व्यवस्था हेतु निरीक्षण किये। उन्होने ने जोन–4 खुर्सीपार अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया, जिसमें नवनिर्मित डामरीकरण रोड, प्रकाश एवं पेयजल व्यवस्था प्रमुख बिंदु थे। इस दौरान आयुक्त ने वार्ड 46 मिनी माता नगर के नवनिर्मित डामरीकरण रोड, प्रकाश और जल आपूर्ति व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये कि पेयजल का दुरुपयोग होने से बचाये और बर्बाद हो रहे पेयजल के लिए टैब लगाएं। निगम आयुक्त ने शहर वासियों से अपील किए हैं कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए जल संरक्षण में निगम का सहयोग करें, व्यर्थ पानी न बहाएं और ना ही बहने दे । प्रकाश व्यवस्था के प्रबंधन में सुधार हेतु तत्काल कदम उठाए जाने हेतु अनावश्यक लाइट बत्ती जलाने पर अधिकारियों को कड़ाई निर्देश से दिए हैं। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान कहा शहर के नागरिको को बेहतर सुविधाएं देना हमारी प्राथमिकता है। हम यह सुनिश्चित करेगें कि सभी बुनियादी सुविधाएं समय पर और सही तरीके से पहुंचे। इस निरीक्षण के माध्यम से भिलाई नगर निगम ने शहर की साफ–सफाई और नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने का संकल्प लिया है, ताकि यहां रहने वाले नागरिकों को आरामदायक और स्वच्छ वातावरण मिले। आयुक्त ने अधिकारियों को सुधार कार्यो की गति बढ़ाने का आदेश दिया गया है, जिससे भविष्य में शहरवासियों को कोई असुविधा ना हो। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, राजस्व निरीक्षक विजेंद्र परिहार, स्वस्छता निरीक्षक अतुल यादव एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।